## जिला परिषद सदस्य ने गोदाम का किया औचक निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने शुक्रवार को पाटन प्रखंड स्थित गोदाम का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाटन एजीम अनिल कुमार को शत प्रतिशत गोदाम से डीलर के दुकान तक माल पहुंचाने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर किसी डीलर के द्वारा भविष्य में इसकी शिकायत मिलती है तो उस पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि गोदाम से डीलर को कम अनाज दिया जाता है । जिसका कोप भाजन डीलर को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अब ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने गोदाम में लगे वाहन को धर्मकांटा पर तौलवाकर भेजने कि बात कही।

## अवैध विद्युत उपभोक्ता पर केस दर्ज,75 हजार रुपए लगा जुर्माना

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जेवीएनएल के अभियंताओं ने विशेष छापामारी अभियान में अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करते सात लोगों को पकड़ा है। उनके खिलाफ जेई प्रदीप कुमार सिंह ने हैदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में एकरामुल हक, अर्जुन कुमार, विवेक सिंह, सभी ग्राम भगड़ा, दिलनवाज सिद्दीकी ग्राम रामबांध, खुर्शीद अंसारी हसनपुर, कृष्णा यादव खरगाड़ा व मो. मुश्ताक भाई बिगहा हैदरनगर शामिल हैं। इन पर अवैध रूप से निजी घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व खेत में तार खींचकर बिजली का उपयोग करने का आरोप है। इन आरोपियों पर 75 हजार रुपया का जुमार्ना भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में उनके अलावा सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेन्द्र ठाकुर व मनोज कुमार शामिल थे।

## तपर्ण सह चेरो मिलन समारोह का आयोजन

**सतबरवा।** प्रखंड पलामू किला मेला औरंगा नदी के तट पर फुलवरिया में तर्पण सह चेरो मिलन समारोह का आयोजन मेदिनी युवा मंच के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दूधी उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक हरिराम सिंह, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, बीआईटी मिश्रा के प्रोफेसर डॉ मीना सिंह, अवधेश सिंह चेरो ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि दूधी उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक हरिराम सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस धरती पर महाराजा मेदिनी राय ने शासन की जो व्यवस्था की थी वह अतुलनीय थी। कहा जाता है कि धन – धन राजा मेदनियां घर – घर बाजे मथनिया। उन्होंने कहा कि समाज के लोग शिक्षा को अपनाएं। इनके अलावा बीआईटी मिश्रा के प्रोफेसर डॉ मीना सिंह भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, मनिका के जिप सदस्य बलवंत सिंह ,सदर मेदिनीनगर प्रखंड के जिप सदस्य बासो देवी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, राजेंद्र सिंह चेरो, रबदा पंसस साखो देवी ,सतेन्द्र सिंह चेरो,आशिष कुमार सिन्हा, उमेश सिंह चेरो मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहड़ी खास प्लस टू विद्यालय के प्रिंसिपल भरदुल सिंह ने की। जबकि संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक राम लखन सिंह ने की। कार्यक्रम का आयोजन मेदिनी युवा मंच सह तर्पण कार्यक्रम के अध्यक्ष अरविंद सिंह, सचिव गुड्डु सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह, उप कोषाध्यक्ष बिट्ठु सिंह, उपाध्यक्ष उप मुखिया उमेश सिंह, उप सचिव संजित कुमार सिंह ने किया।

## मंडप भवन में 24 को होगा नाई मिलन समारोह

**हरिहरगंज।** राष्ट्रीय नाई महासभा के तत्वावधान में 24 सितंबर दिन शनिवार को हरिहरगंज मेन बाजार काजी हाउस के समीप विवाह मंडप भवन में नाई मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि नाई मिलन समारोह के माध्यम से केन्द्र और राज्य की सरकार से जन नायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न की उपाधि देने, झारखंड के नाइयों को सीएनटी एक्ट से बाहर रखने, सीएनटी एक्ट में संशोधन नहीं होने पर आदिवासियों की तरह ही नाई समाज के गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ ही नाइयों को ब्याजमुक्त ऋण देने सहित कई मांगों को रखा जायेगा। समारोह में पलामू, गढ़वा लातेहार औरंगाबाद, रोहतास व नबीनगर आदि कई क्षेत्रों से नाइ समाज के बुद्धिजीवीगण एवं कई अतिथि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सदियों से दबे कुचले और अधिकारों से वंचित नाइयों को न्याय नहीं मिला तो आगे रणनीति के तहत आंदोलन की बिगुल फूकी जायेगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लालमन ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष हरि ठाकुर, प्रचार मंत्री अवधेश ठाकुर, कार्यकारी सदस्य संतोष ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड में आजसू महिला मोर्चा कमेटी का गठन

**हरिहरगंज।** आजसू केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीपरा में बैठक की । जिसमें जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी जिला उपाध्यक्ष सह पिपरा प्रखंड प्रभारी रामजी पासवान, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष सह हरिहरगंज प्रखंड प्रभारी अरविंद सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विनोद ठाकुर के उपस्थिति में हुयी। जिसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए प्रखंड आजसू महिला मोर्चा का गठन किया गया। जहां हरिहरगंज के चंद्रमणि पब्लिक स्कूल में महिला मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें हरिहरगंज के महिला मोर्चा के अध्यक्ष इंदु देवी ,सचिव राधा देवी को बनाया गया। जबकि पिपरा प्रखंड के महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शारदा देवी, सचिव ललिता देवी, उपाध्यक्ष चिंता कुमारी व कोषाध्यक्ष अंजू कुमारी को बनाया गया। साथ ही पिपरा पंचायत कमेटी का भी गठन किया गया. वही इस मौके पर आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि आजसू पार्टी महिलाओं को राजनीति में पुरुषों के बराबर भागीदारी दे रही है। मौके पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, शारदा देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।

### शहर में सफाई व्यवस्था ठप, दुगर्न्ध से जनता परेशान नप कर्मियों का धरना जारी

# सोमवार से शारदीय नवरात्र (दशहरा) पर्व प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर में सफाई नहीं होने से हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में कूड़ा कचड़े व गंदगियों का अंबार लग गया हैं। बतादें कि झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर हुसैनाबाद नगर पंचायत कमीर्यों का आज चौथा दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी है। कर्मियों को सरकार से पांच सूत्री मांगों में एक मुश्त - दैनिक वेतनभोगी सेवा नियमित करने, कार्यकलाप को देखते हुए निकाय स्तर से कर्मियों को 20 लाख रुपए का बीमा,निकाय में पुरानी पेंशन लागू करने सहित अन्य मांगे शामिल है। नगर पंचायत में चार दिनों से सफाई कार्य नहीं होने से नगर पंचायत के सभी चौक- चौराहों पर कूड़ा- कचरा का अंबार लग गया है। शहर के हर वार्ड में जगह-जगह कचरा जमा होने के कारण कचरा से दुर्गंध आने लगा है। वहीं इस कारण नगर पंचायत वासियों में सफाई नहीं होने से रोष है । दूसरी ओर नगर पंचायत सफाई कर्मी अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल से उठने का नाम नही ले रहे है। नगर पंचायत के जनता नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियो से कूड़ा - कचरा को तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कर हटवाने का मांग कर रहे है। जल्दी में गंदगी व कूड़ा कचड़ों को नही हटाया गया तो विभिन्न प्रकार के बीमारियों से हालात खराब हो जायेंगे। इस समस्या पर कोई भी गंभीर नही दिख रहा है। जबकि आगामी सोमवार से शारदीय नवरात्र पर्व की शुरूआत होने वाला है और साफ सफाई को लेकर किसी प्रकार की गम्भीरता नहीं दिख रही है। हालांकि नपं अध्यक्ष शशि कुमार और उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा है कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शहर की सफाई कार्य कराया जायेगा। बशर्ते जनता धैर्य रखें।



## सड़क हादसे में गंभीर दूसरे युवक ने भी तोड़ा दम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** एनएच 98 मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर पिपरा थाना क्षेत्र के दुबटीया मोड़ के समीप सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी दूसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया है। उसे बेहतर इलाज के लिए यूपी के वाराणसी ले जाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। इस युवक की पहचान सुल्तानी निवासी 20 वर्षीय अनीश कुमार सिंह पिता जितेंद्र सिंह के रूप में हुयी है। गुरुवार की देर शाम पिपरा थाना के दुबटीया मोड़ के समीप एक ट्रक की जोरदार टक्कर बाइक टक्कर हो गयी थी। हादसे में मौके पर ही सूर्यदेव सिंह का 19 वर्षीय पुत्र ट्विंकल सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। इधर हादसे के बाद अनीश कुमार सिंह को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिहार के औरंगाबाद सदर अस्पताल में ले जाया गया था। यहां भी उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी। जिसे जमुहार मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। यहां भी उसकी हालत में कोई सुधार नहीं होने पर इलाज के लिए उसे वाराणसी ले जाया जा रहा था। मौत के बाद अनीश कुमार सिंह के शव का पिपरा थाना लाया गया। शुक्रवार को अनीस और ट्विंकल के शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलिय अस्पताल में भेजा गया। इस घटना से दोनों युवकों के परिजनों का रो रोके बुरा हाल है।

## शौचालय नहीं होने के कारण यात्रियों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** प्रखंड स्थित पड़वा मोड़ पर अभी तक शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है। यह स्टैंड बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश जाने वाले मुसाफिर काफी संख्या में पड़ाव पर रुकते हैं और यहीं से अपना गंतव्य के लिए निकलते हैं । महिला यात्री को पड़ाव पर शौचालय नहीं होने से काफी कष्ट का सामना करना पड़ता है । वहीं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ने बताया हम लोग इस बात को लेकर काफी चिंतित है। हम लोगों ने अनेकों जनप्रतिनिधि से इस बात को लेकर चर्चा की। लेकिन अभी तक इसका निदान नहीं निकला है। हमलोग मोड़ पर देखते हैं शौचालय की अभाव में यात्री भटकते हुए नजर आते हैं ऐसा कार्य जन उपयोगी कार्य एवं महत्वपूर्ण कार्य है पर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान इस ओर आकर्षित नहीं होता है क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इसी रोड से होकर गुजरते हैं पर किसी को इस पर ध्यान नहीं है यह एक गंभीर विषय है दूसरे राज्य आने जाने वाले लोगों को यहां का विकास साफ साफ दिखती है।

### हुसैनाबाद में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य के लिए 68 लाख स्वीकृत

## जो वादा किया उसे पूरा करने में जुटा हूं: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि काफी समय के लंबे इंतजार के बाद हुसैनाबाद प्रखंड का प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण के लिए 68 लाख रुपए राशि का आवंटन झारखंड सरकार ने कर दिया है। उन्होंने कहा कि विकास और समृद्धि का जो सपना हुसैनाबाद की जनता ने देखा है। उसे पूरा करने के लिए अपनी पूरी निष्ठा के साथ प्रयासरत हैं। यही वजह है कि जनता के आशीर्वाद से एक-एक योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण के बाद विधानसभा क्षेत्र के नौजवान खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा। घर का खाना खाकर अभ्यास बहुत अच्छे से कर पायेंगे। खेल के क्षेत्र में केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के युवा प्रतिभावान हैं। उन्हें जरूरत केवल सहयोग और अवसर की है। स्टेडियम का निर्माण हुसैनाबाद को नई दिशा देगा। उन्होंने स्टेडियम निर्माण की राह में सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पार करने की शानदार उपलब्धि पर हुसैनाबाद की जनता को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में भी स्टेडियमों का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज की सम्मानित जनता को धैर्य रखते हुए हुसैनाबाद हरिहरगंज के विकास में सहयोग देने का आग्रह भी किया है।

## ग्रामीणों ने कालाबाजारी के पीडीएस अनाज को पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के पोलडीह पंचायत के पोलडीह जगदीशपुर गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को अहले सुबह में कालाबाजारी के लिए ले जा रहे पीडीएस का राशन भरा पिकअप वैन को पकड़ा। इसकी सूचना हुसैनाबाद बीडीओ सह प्रभारी एमओ को दी। ग्रामीणों ने पकड़े गए पिकअप वाहन का वीडियो भी बनाया है। जिसमें ग्रामीणों का कहना है कि पीडीएस डीलर द्वारा गोदाम में अनाज नहीं रखा जाता है। जब हम लोग दुकान पर जाते है, तो बताया जाता है कि अभी राशन का उठाव ही नहीं किया हूं। और राशन की कालाबाजारी कर दिया जाता है। साथ ही ग्रामीणों ने एमओ को भी आवेदन देकर अनियमितता की शिकायत की है। दिये गए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि अंजली स्वयं सहायता समूह द्वारा नियमित रूप से राशन नहीं दी जाती है। जुलाई माह का राशन अबतक नहीं दिया गया है। जबकि अगस्त माह का पीएमजीकेवाई का केवल राशन दिया गया है। सितंबर माह का राशन नहीं देने की बात कही गयी है। मशीन की खराबी बताकर पर्ची नहीं दिया जाता है। ग्रामीणों के आवेदन के आलोक में बीडीओ सह प्रभारी एमओ रतन कुमार सिंह ने शुक्रवार को जनवितरण प्रणाली की जांच की। जांच के उपरांत उन्होंने बताया कि पीडीएस दुकान में स्टॉक पंजी की मांग करने पर पंजी नहीं दिखाया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर मामले की जांच कर अग्रेत्तर कार्रवाई करते हुए अनुज्ञप्ति रद्द करने की अनशांसा की जायेगी।

## पानी की समस्याओं को लेकर शिक्षको ने सौपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवादाता**



**पांकी।** प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य कोलेश्वर राम ने अपने सभी शिक्षकों के साथ पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद के पास अपने विद्यालय में पानी की समस्या को लेकर मांग पत्र सौंपा। मौके पर पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद ने आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी जो भी समस्या है उसे मैं गंभीरता पूर्वक सुन रहा हूं। मैं राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय की समस्या का निदान बहुत जल्द ही करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि राजकीयकृत प्लस टू विद्यालय में गर्मियों के दिनों में हैंडपंप का पानी सूख जाने के कारण पानी का वाटर लेवल बहुत नीचे चला जाता है। जिस कारण विद्यालय में पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। मुखिया ने कहा कि इस विद्यालय में पेयजल के लिए अतिरिक्त व्यवस्था भी कराई जाएगी। ताकि आने वाले भविष्य में किसी प्रकार का दिक्कत ना हो। पांकी पूर्वी के मुखिया ने राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में जल मीनार लगाने की भी बात कही। मौके पर, उप मुखिया आनरिक राम, पंचायत सेवक परसु राम, रोजगार सेवक अनिल प्रसाद, सेवानिवृत्त शिक्षक रामप्रवेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वस्थ रहने के लिए पोषण आहार जरूरी है। स्वस्थ रहने के महत्व को समझे और दूसरों को भी समझाएं। यह बातें उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने कही। वे शुक्रवार को राष्ट्रीय पोषण माह-2022 के मौके पर आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के समापन समारोह में बोल रही थीं। इसके पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने सभी का स्वागत करते हुए पोषण से संबंधित जानकारी जन-जन तक पहुंचाने की बातें कही। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने कहा कि समाज के कुछ लोग जागरूकता के अभाव में कुपोषित हो रहे हैं। उन्होंने पोषण के संदेश को गांव-गांव में फैलाने का आह्वान किया। चित्र प्रदर्शनी के समापन समारोह में उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज के साथ क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर, पलामू की समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरीवर मिंज, चैनपुर की महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी लक्ष्मी भारती, जेएसएलपीएस के डीपीएम विमलेश शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य मदन मोहन यादव सहित समाज कल्याण विभाग के जिला समन्वयक जीशान अहमद, समाज कल्याण विभाग की महिला पर्वेक्षिकाएं, सेविका-सहायिकाएं, तेजस्विनी समूह की किशोरियां एवं विघालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थे। समापन समारोह का संचालन विद्यालय के शिक्षक सीके पांडेय ने किया।

**प्रदर्शनी स्थल पर गोद भराई, अन्नप्राशन का कार्यक्रम**

समाज कल्याण विभाग, पलामू के सहयोग से प्रदर्शनी स्थल पर समापन समारोह के दौरान गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रस्म अदा की गई। इस दौरान महिलाओं को समाज कल्याण विभाग एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से पुरस्कार भी दिए गए। इस मौके पर छह माह के ऊपर के बच्चों के अन्नप्राशन की रस्म अदायगी भी हुई।

**विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत :** पोषण माह के तहत आयोजित चित्र प्रदर्शनी के दौरान रंगोली, पेंटिंग्स एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं आकर्षक व जरूरत की वस्तुओं से संबंधित उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह के दौरान बेहतर प्रबंधन एवं हरेक गतिविधियों पर सूक्ष्मता से ध्यान रखते हुए कार्यों का निष्पादन करने वाली छात्राओं एवं नृत्य में बेहतर प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

**स्टॉल पर मिली पोषण से संबंधित जानकारी :** प्रदर्शनी स्थल पर पौष्टिक तत्वों की जानकारी से जुड़ा स्टॉल भी लगाया गया था। समाज कल्याण विभाग, तेजस्विनी एवं जेएसएलपीएस, पलामू के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह की थीम से जुड़ीं वस्तुओं और खाद्य पदार्थों का स्टॉल भी लगाया गया था।

### मजदूर किसान महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्तदान सबसे बड़ा पुनीत कार्य है: विधायक

**नवीन मेल संवादाता**



**पांकी।** प्रखंड के डंडार कला स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता, एवं विशिष्ट अतिथि पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर गौतम चौधरी, महाविद्यालय के पूर्व सचिव बिंदेश्वरी सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम सहित अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उद्घाटन के पश्चात महाविद्यालय के कर्मियों के द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पौधा एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने कहा कि मजदूर किसान महाविद्यालय बीते कई दशकों से प्रखंड की नहीं बल्कि पूरे जिले में शिक्षा की अलख जगा रहा है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं आज देश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। जिससे महाविद्यालय का मान सम्मान दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। महाविद्यालय परिवार के द्वारा समय-समय पर रक्तदान, स्वच्छता अभियान, सामाजिक जागरूकता अभियान सहित अन्य तरह के सामाजिक कार्य किया जाना वाकई काबिले तारीफ है। उन्होंने लोगों को रक्तदान करने व उसके फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इससे हम रक्त की समस्या से जूझ रहे मरीजों की जिंदगी बचा सकते हैं। वही रक्तदान शिविर में रक्त दाताओं की खूब सराहना की। मौके पर कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर राज कमल वर्मा, बच्चन ठाकुर, श्याम नंदन ओझा, रमेश सिंह, रौशन सिंह, राजीव सिंह, रानू सिंह, जमशेद आलम, अमित कुमार सहित सभी शिक्षक कर्मी एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
**(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)**

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सभी मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 2437 दिनांक 09.09.2022 के आलोक में दिनांक 01.08.2022 से प्रारम्भ Collection of Aadhar Data from Electors on Voluntary basic for linking and authenticaton of electoral rolls data कार्यक्रम के तहत् आधार संग्रहण हेतु **सभी मतदान केन्द्रों पर** माह सितम्बर, 2022 में **दिनांक 25.09.2022 (रविवार)** को **Special Camp** का आयोजन किया जाएगा।

उक्त कैम्प में बी0एल0ओ0 एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा मतदाता सूची में निबंधित मतदाताओं से उनका आधार संख्या एवं फोटो मतदाता पहचान पत्र संख्या प्राप्त कर उसकी प्रविष्टि की जाएगी। Collection of Aadhar संबंधी कार्य को सहज करने के उद्देश्य से विद्यमान मतदाताओं के संबंध में Electoral Database में उपलब्ध जानकारी यथा मतदाता का नाम, फोटो पहचान पत्र संख्या, वि0स0क्षेत्र संख्या एवं नाम आदि सूचनाऍ प्रपत्र 6ख में मुद्रित कर सभी बी0एल0ओ0 को पूर्व में ही उपलब्ध करायी गयी है।

अतः गढ़वा जिला के सभी निबंधित मतदाताओं से अपील है कि वे अपने–अपने मतदान केन्द्र पर दिनांक 25.09.2022 (रविवार) को आयोजित विशेष कैम्प में उपस्थित बी0एल0ओ0/प्रतिनियुक्त कर्मी को अपना आधार संख्या एवं फोटो मतदाता पहचान पत्र संख्या उपलब्ध करा दें, ताकि Aadhar linking and authenticaton कार्य को ससमय पूर्ण कराया जा सके।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 278535 Election(22-23).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

अल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-07/2022-23(2nd call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड लोहरदगा के ग्राम कुटमू में आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र निर्माण। | 40,00,000.00 | 80,000.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2 | प्रखण्ड भण्डरा के ग्राम नवडीहा में आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र निर्माण। | 41,94,000.00 | 84000.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 3 | प्रखण्ड पेशरार के ग्राम पेशरार में आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र निर्माण। | 42,61,650.00 | 85,500.00 | 5000.00 | 6 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 27.09.2022 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 08.10.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 10.10.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 11.10.2022 अपराह्न 2:00 बजे |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० | :- | 06526-223686, 9801557189 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) |

9.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा

PR 278469 Lohardaga(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### खरौंधी में पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधि एवं कर्मियों ने किया पौधरोपण



**खरौंधी(गढ़वा)।** पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के समीप बिससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान ने दर्जनों फलदार पेड़ लगाए। बिससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा एक एक पौधा जीवन के लिए जरूरी है। विगत दिनों हर व्यक्ति डर गया था जब कोरोना महामारी ने लोगो को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया था। उस समय जो ऑक्सीजन की किल्लत हो गई थी। आज देश के हर इंसान अक्सीजन का महत्व को समझने लगे है। पेड़ से ही हमे प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन मिलता है। लोगों को अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ पौधा लगाना चाहिए। वही बीपीओ डिम्पल गुप्ता ने कहा कोरोना महामारी ने लोगों को ऑक्सीजन के महत्व को समझा दिया है। ऑक्सीजन के लिए लोग दर-दर भटकने लगे थे। ऐसी निकट परिस्थिति दुबारा नहीं हो इसके लिए लोगो को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधा लगाना चाहिए। अंत में सभी ने हर एक से पेड़ लगाने की अपील किया। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रखंड कर्मी सत्यनरायण बैठा, मयंक कुमार, मनीष कुमार, अशानंदन राम, विनय कुमार, बैकुंठ यादव ने पेड़ लगाया।

### भवनाथपुर पुलिस ने थाना मोड़ पर चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**भवनाथपुर।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भवनाथपुर पुलिस ने शुक्रवार को थाना मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के क्रम में दो पहिया, तीन पहिया वाहन एवं अन्य सभी वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहनों के आवश्यक कागजात, हेलमेट के अलावे डिक्की की सघन तलाशी ली गयी। इस चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में एएसआई फिलिस टोपनो ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। कहा कि दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना वाहन न चलाए नहीं एवं वाहन का कागजात रखे नहीं तो होगी करवाई। वाहन चेकिंग में एक दर्जन बाइक जब्त किया गया है।

### वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दस बाइक किया जब्त



**केतार।** पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश केतार पुलिस ने शुक्रवार को एंटी क्राइम के तहत केतार - भवनाथपुर मुख्य पथ स्थित कोल मोड़ पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पीएसआई संजय हेंब्रम और कृष्णा उरांव के द्वारा आने जाने वाले वाहन चालकों से वाहन की कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस,डीकी, ट्रीपल लोडिंग,हेलमेट की गहनता से जांच की गई। इस क्रम में वाहन कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर दस बाईक को जब्त कर थाना लाया गया।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा की जब्त वाहनों का चलान किया जाएगा। वाहन चेकिंग अभियान की भनक लगते ही बगैर हेलमेट और कागजात के वाहन चला रहे चालक इधर उधर भागने लगे।

### मजदूरी करने गये एक व्यक्ति की मौत

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के मेरौनी गांव निवासी जितू राम का 26 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र राम की मौत शुक्रवार को राजस्थान में प्लांट में काम करने के दौरान उपर से गिरने की वजह से हो गई। मृतक सत्येंद्र राजस्थान के बलाड़ा नामक स्थान पर एलएनटी कंपनी में मजदूरी का कार्य करता था। काम करने के दौरान सेफ्टी बेल अचानक टूट जाने से सतेन्द्र राम 60 फीट ऊपर से गिर गया। इसके बाद एलएनटी कंपनी के प्लांट में सभी कर्मचारियों के बीच अफरातफरी मच गया। घायलावस्था में इलाज हेतु अस्पताल मे भर्ती कराया गया,इलाज के दौरान अस्पताल में मौत युवक की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी कंपनी के द्वारा मृतक के घर पर फोन के माध्यम से परिजनों को दिया गया। घटना की जानकारी के बाद परिवार में मातम छा गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पार्थिव शरीर शनिवार तक निवास स्थान पर पहुचने की सूचना है ।

### अज्ञात बीमारी के कारण खुरी गांव में महिला की हुई मौत

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत खुरी निवासी बुद्धू चौधरी की 40 वर्षीय पत्नी धनमनीया देवी की मौत अज्ञात बीमारी के कारण हो गई। इस संदर्भ में मृतिका के परिजनों ने बताया कि धन मनिया देवी आज पिछले 5 वर्षों से अज्ञात बीमारी से जूझ रही थी। पैसे के अभाव में उनका समुचित इलाज नहीं हो सका जिसके कारण बीती रात को उनकी मौत हो गई। बताते चलें कि यह परिवार अत्यंत है गरीब है तथा यह परिवार का भरण पोषण मेहनत मजदूरी के बदौलत चला करता है वही धन मनियादेवी की मौत से उनके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है तथा गांव के लोगों में ही शौक व्याप्त है। वहीं घटना की सूचना को पाकर पंचायत के जनप्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दयाशंकर राम मृतका के परिजनों के घर पहुंच कर सुख सांत्वना व्यक्त करते हुए अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए । साथ ही उन्होंने बताया कि इस दुख की घड़ी में हम इस गरीब परिवार के साथ खड़े हैं । तथा हमारे द्वारा श्राद्ध कर्म के लिए सामग्री देकर इस गरीब परिवार को सहयोग किया जाएगा । तो वही सब के अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर उपस्थित थी ।

# राजस्व की हानिः नदियों से अवैध तरीके से बालू का उठाव कर खुलेआम बेच रहे माफिया

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर/गढ़वा।** इन दिनों भवनाथपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू माफिया खुलेआम बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू की उठाव कर सरकारी योजनाओं से लेकर निजी कार्यों के लिए प्रशासन के मिलीभगत से ऊंचे दामों पर बेच रहे है। वहीं जेएसएमडीएस के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए राजस्व का भी चूना लगा रहें हैं। बता दें कि भवनाथपुर के ढढरा नदी, मकरी, बरवारी, झगराखांड़, कैलान के अलावे केतार के पंडा नदी, ताली, खोंहर, अजनियां, मुकुंदपुर नदी से बालू माफियाओं द्वारा खुलेआम शाम होते शुरू बालू का धुलाई हो जाता है और सुबह 10 बजे तक लगातार अवैध बालू का ढुलाई किया जाता है। हैरानी की बात तो यह है कि रात



भर पुलिस गस्ती करती है। इसके बाउजूद अवैध बालू ढुलाई पर कारवाई नहीं की जाती,जिससे साफ प्रतीत होता है। बालू की अवैध खेल में प्रशासन की मिलीभगत है।

पर 15 अक्टूबर तक बालू उत्खनन पूर्णतः बंद है अधिकारियों के मिली भगत से बालू माफिया जे एस एम डी एस के आदेश को धता बताते हुए अवैध बालू का उत्खनन दिन के उजाले में बेधड़क कर रहे हैं बरवारी नदी में दिन में बालू को जमा करते हैं और रात के अंधेरे में उसे ट्रैक्टर से विभिन्न जगहों पर बेच देते हैं वहीं केतार के पंडा नदी,ताली, खोंहर, अजनियां, मुकुंदपुर नदी से उठा कर केतार से 10 किलोमीटर दूर भवनाथपुर प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में बालू का बिक्री कर रहे हैं। इस अवैध बालू के कारोबार पर न तो केतार प्रशासन की नजर है और नही भवनाथपुर प्रशासन की। अवैध बालू उत्खनन कर जहां जेएसएमडीएस के आदेश का अवहेलना कर रहे हैं। वहीं सरकार के लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं अवैध बालू लेकर जाने में तेज रफ्तार में ट्रैक्टर चलाने से आये दिन घटना दुर्घटना भी होते रहती है। इसके बाद भी एक भी बालू माफियाओं के खिलाफ कारवाई प्रशासन नहीं की, जिससे बालू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी कुंदन कुमार यादव ने कहा कि गुरुवार की रात्रि में हम ही गश्ती में थे। उन्होंने कहा अवैध बालू की ढुलाई किये जाने की संज्ञान में नहीं है,जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व विधायक के नेतृत्व में डीसी से मिले ग्रामीण, न्याय की लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** गुरूवार को मेराल प्रखंड के ओखरगाड़ा के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में डीसी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने डीसी कहा कि वे लोग 80 साल से अधिक समय से वहां पर घर, मकान और दुकान बनाकर जीवन यापन कर रहे है। अचानक मेराल अंचल के सीओ सहित अन्य अधिकारी पहुंचकर जमीन का मापी कर उक्त जमीन पर पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय बनाने की बात कहकर चले गए। उसके बाद से हमसभी ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पूर्व विधायक ने भी डीसी से ग्रामीणों के साथ न्याय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि नियमानुसार बकास्त जमीन कभी भी सरकार के हिस्से में नही जा सकता है। उन्होंने कहा कि डीसी ने ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए कमेटी बनाकर जांच कराकर न्याय देने का भरोसा दिलाया है। पूर्व विधायक ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में गरीबों को उजाड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय विधायक सह मंत्री से बड़ा दिल दिखाते हुए कल्याणपुर स्थित अपने आवास जो मूसहर परिवार के जमीन पर बना हुआ है, उसे खाली कर शिक्षण संस्थान के रूप विकसित करने की मांग की है। साथ ही कल्याणपुर के उस जमीन से बेदखल किए गए 22 मूसहर परिवार को पुर्नवासित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जिले के तत्काली डीसी एसके सत्पथी ने मूसहर परिवार को स्थापित करने के लिए बैल, हल सहित अन्य समान उपलब्ध कराए थे। लेकिन मूसहर परिवार को उनके जमीन से ही बेदखल कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मंत्री के ईशारे पर गरीबों का जमीन लूटने का कार्य किया जा रहा है। जिस जमीन पर ग्रामीण 70 से 80 वर्ष से जीवन यापन कर रहे है। उस जमीन पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधि की नजर है।

## थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के बारे में दी कई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने लोहिया समता उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियम के बारे में विस्तार पुर्वक बताकर जागरूक किया।इस दौरान थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि के द्वारा लोहिया समता उच्च विद्यालय के कक्षा आठवीं,नवमी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं को बताया की नाबालिग विद्यार्थी वाहन नहीं चलायेंगे,कोई भी छात्र बाईक से विद्यालय नहीं आयेंगे।बाईक से विद्यालय आने पर बाईक को जब्त कर करवाई की जायेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया की सड़क पार करते समय रूक कर दोनों तरफ देखकर सड़क पार करें,इस दौरान सड़क पर दौड़े न लगाएं। उन्होंने बताया की पैदल चलने के लिए फुटपाथ का उपयोग करें।साथ ही वाहन के हार्न पर भी ध्यान दें एवं वाहन से यात्रा करते समय बाहर हाथ एवं सिर बाहर नहीं निकालें। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जवाहर दुबे, अम्बिका पाल,श्रवण भगत,दिलेश गुप्ता,दिलीप मेहता,सतिश बैद् सोनू कुमार, गौतम पाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

## राज्य में अपराधियों का बढ़ रहा हैं मनोबल : केशरी

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल गढ़वा जिला के वर्तमान हालात पर उपायुक्त गढ़वा से मिला। मिलकर उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल झारखंड को मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में बरडीहा-बंशीधर नगर सहित पुरे जिले भर में बढ़ रहे अपराध अत्याचार को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार में चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। सरकार अपनी सुख सुविधा में लगी हुई है। हेमंत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। गढ़वा जिला सहित पूरा झारखंड में अपराधियों का बोलबाला हो चुका है। हर जगह हर दिन लुट हत्या बलात्कार की घटना आम बात हो चुका है। गढ़वा जिले में महिलाए असुरक्षित हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था चौपट हो चुका है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में जनता पर अत्याचार बढ़ा है। हेमंत सरकार का अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। जिस तरह से बरडीहा में दलित परिवार के साथ समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा अत्याचार किया गया। इससे यह साबित होता है कि यह सरकार जनविरोधी है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल डालटनगंज भंडरीया विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि झारखंड में भाजपा सरकार ही व्यवस्था में सुधार कर सकता है जिस तरह से गढ़वा पलामू सहित पुरे झारखंड में अपराध बढ़ा है इससे यह साबित होता है कि वर्तमान सरकार अपराध को लेकर गंभीर नहीं है गांव शहर में बेटीयां सुरक्षित नहीं हैं महिला अत्याचार बड़े पैमाने पर बढ़ा है हत्या लुट बलात्कार की घटना से आम जनता त्रस्त हो चुका है उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार मतलब जंगल राज समझा जा सकता है झारखंड में झामुमो सरकार ने अपराधियों को बढ़ावा दिया है प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।



### पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने प्रेस वार्ता कर कहा-

## दुकानदारों के समक्ष भोजन के भी लाले पड़ गये हैं

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** व्यवसायियों के साथ प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की निंदा करते है। व्यवसायी साथियों के साथ जो घटना घटित हुई है तथा स्थानीय नेता गण जो सत्ता पक्ष के हैं और कहते हैं कि हम व्यवसायियों के साथ हैं। यदि सही में वे व्यवसायियों के साथ है तो आज तीसरे दिन बंशीधर नगर के समस्त दुकाने जिसमें अधिकांश चाय,पान, ठेला, खोमचा, फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले लोगों के साथ जो जीविकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हुई। इसके लिए उनके द्वारा क्या किया गया। उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने शुक्रवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि छोटे दुकानदारों के समक्ष भोजन के भी लाले पड़ गए हैं। नेतागण सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए बिना सोचे-समझे इस तरह की कार्रवाई करने के लिए उकसाया एवं कायरता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि याद रहे कि पूर्व में भी इस तरह की बड़ी घटना बंशीधर नगर के व्यवसायियों के साथ कुछ वर्ष पहले हुई थी. जिसमें प्रशासन के निर्देश पर दो तरह के गंभीर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसकी जांच आयोग द्वारा जल क्रांति भवन नगर उंटारी में कराकर समस्या का समाधान कराया था। याद कराना चाहेंगे कि लगभग तीस व्यवसायी पर 353 जैसे गंभीर धाराएं लगाई गई थी। जिसका भी निराकरण मैंने कराया था। यहां के नेताओं पर मुझे तरस आता है कि एक पदाधिकारी नेताओं को जनता के सामने बताता है कि आंदोलन कैसे होना चाहिए और इसका तरीका क्या है। उन्होंने कहा कि बड़े दुख की बात है कि गढ़वा डीसी रमेश घोलप जैसे गरीब परिवार का लाभ यहां के नेताओं ने गरीब व्यवसायियों को नही दिला सके। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि व्यवसायियों ने अपनी दुकान का चाबी प्रशासन को जमा कराया। जिसे पुनः वापस के लिये व्यवसायियो को पैसा देकर लेने पड़े की सूचना मिली है। मौके पर सीताराम जायसवाल, उमाशंकर प्रसाद,अश्विनी कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### ऑटो पलटने से तीन व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-नगर उंटारी मार्ग एनएच 75 पर शुक्रवार की शाम अरंगी मोड़ पर टेंपो पलटने से टेंपो पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में गढ़वा जिले के डंडई गांव निवासी दिनेश राम उसके पुत्र अमरदीप कुमार एवं डंडई थाना क्षेत्र के लावाही गांव निवासी मुन्ना साव के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए अमरदीप कुमार को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि मेराल थाना अंतर्गत माहेताम गांव स्थित चेरी धाम मे सभी लोग टैंपू पर सवार होकर पूजा पाठ करने के लिए आए हुए थे। पूजा पाठ करने के बाद एक ही परिवार के 9 लोग टैंपू पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे इसी क्रम में मेराल थाना क्षेत्र केअरंगी मोड़ के पास टेंपो तेज गति होने के कारण अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया ।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में ग्राहक गोष्ठी का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा भवनाथपुर में ग्राहक गोष्ठी का आयोजन क्षेत्रीय प्रबंधक शंकर चौधरी कि अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक शंकर चौधरी ने कहा कि ग्रामीण बैंक गांव के लिए मददगार साबित हो रहा है। कम ब्याज पर रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, दुर्घटना बीमा,स्वयं सहायता समूह महिला ग्रुप समेत कई सुविधाए दे रहा है। शाखा प्रबंधक मुदस्सर हसन ने कहा कि बैंक ग्राहकों कि कसौटी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करता है। बैंक ग्राहकों को डिजिटल लेने -देन कि सुविधा प्रदान किया है। इस मौके पर लखन रजवार, धनंजय कुमार,निर्मल दुबे, रामप्रवेश कोरवा, सुनील यादव, जोगिंदर प्रजापति, लालचंद उरांव, संजय पासवान, हिरा राम, जयकुमार सिंह, शिव पूजन उरांव, सविता देवी, रूपा देवी, कलावती देवी सहित कई ग्राहक उपस्तिथ थे।



### बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिगसिगा खुर्द, बोले प्राचार्य

## बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत चिनिया प्रखंड के अत्यंत ही सुदूरवर्ती इलाका शिगसिगा खुर्द जो यह गांव प्रखंड के बरवाडीह पंचायत में आता है ।

बताते चलें कि इस गांव में अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय जो लगभग 50 साल पुराना है । इस विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सहित खेलकूद, कला और अन्य गतिविधियों में भी यह विद्यालय प्रखंड क्षेत्र में अव्वल दर्जा हासिल कर चुका है। अच्छी शिक्षा और क्वालिटी एजुकेशन के लिए ज्यादातर माता-पिता अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में दाखिला दिलवाते हैं। यहां तक कि सरकारी स्कूल के शिक्षक भी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुंद्रिका मांझी बतलाते हैं किया विद्यालय की स्थापना सन उन्नीस सौ 75 में हुई थी।



मैंने खुद इसी विद्यालय से बढ़कर आज इस मुकाम पर हूं और मैं अपने आप को खुशनसीब समझता हूं कि मैंने जिस विद्यालय में पढ़ा उसी विद्यालय का आज प्रधानाध्यापक हूं । और हमारे तरफ से यह पूरी कोशिश रहती है कि बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए और हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक भी पूरी मेहनत और लगन के साथ बच्चों को पढ़ाते हैं । लेकिन इस विद्यालय तक पहुंचने के लिए पहुंच पथ नहीं है और बच्चों को पीने के लिए स्वच्छ पानी भी नहीं है बच्चे विद्यालय के बगल में स्थित कुवां से पानी पीने को लाचार है । सालों पहले एक चापाकल भी लगा था लेकिन वह भी डेड पड़ा हुआ है । जबकि अभी हमारे विद्यालय में 305 बच्चे नामांकित है । आपको बताते चलें कि चारों तरफ से जंगलों में स्थित यह सरकारी विद्यालय प्राइवेट स्कूल को मात देकर एक आदर्श विद्यालय के तौर पर प्रखंड में अपनी अलग मिसाल पेश कर रहा है । खास बात यह है कि यहां के बच्चे हर परीक्षा में टॉप करते हैं. कई बच्चे तो ऐसे भी हैं, जो हर विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर रहे हैं । आपको जानकर आश्चर्य होगा कि विद्यालय के प्रिंसिपल मुंद्रिका माझी ने बच्चों को ही परिवार माना है । वे पूरी सेवा भाव से इन्हीं बच्चों को अपना परिवार मानकर पढ़ाते हैं ।बच्चों के अभिभावकों का भी यही कहना है कि प्राइवेट स्कूल से बेहतर शिक्षा इस विद्यालय में मिलती है । यहां से पढ़कर बच्चे नवोदय, सैनिक स्कूल जैसी जगहों पर सेलेक्ट होते हैं. वही बताते चलें कि आगे आने वाले समय में विद्यालय के शिक्षकों और प्राचार्य का यही सपना है कि यहां के बच्चे बड़े से बड़ा मुकाम हासिल करें और उनके विद्यालय का नाम रोशन करें । तो वही विद्यालय में सभी उपलब्धियों को पाने में सभी शिक्षकों के अंदर इमानदार छवि कर्मठ लग्न तथा बच्चों के प्रति प्रेम को दर्शाता है ।

विद्यालय के बच्चों की उपलब्धि राष्ट्रीय साधन सभा एवं राज्य मेधा छात्रवृत्ति में 25 छात्र चयनित नवोदय विद्यालय में 2 छात्र स चाइनीस एकलव्य विद्यालय में 15 छात्र चयनित अभी तक हो चुके हैं।

## भवनाथपुर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय कमिटी की ओर से घोषित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान गुरुवार एवं शुक्रवार को भाजपा मंडल ईकाई भवनाथपुर के द्वारा प्रखंड के विभिन्न जगहों पर पौधा रोपण किया गया। बूथ स्तर पर स्वच्छता ओर वृक्षा रोपण अभियान चलाया गया। जिसमें टाउनशिप स्थित विधायक आवास, चेरवाडीह बूथ, बैगाडीह शिव स्थान सहित अन्य जगहों पर जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोज पहाड़िया, अनिल चौबे, मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, विपिन चौबे, विनोद चौबे, कमलेश कुमार सहित अन्य के द्वारा पोधारोण किया गया।

मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब कल्याण को समर्पित है। सरकार की सेवा और गरीब कल्याण की नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश नहीं पूरे देश में मोदी के प्रति जनता के मन में विश्वास और भी अधिक गहरा हुआ है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी इनके जन्मदिन को सेवा के रूप में मना रही है और इसके तहत कई जनकल्याण कार्यों को किया जा रहा है।

बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवारा मना रही है।



## न्यूज गैलरी

### हाजरी बिक्री काउंटर से मोबाइल की चोरी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के हाजिरी फॉर्म बिक्री काउंटर के पास अज्ञात चोर के द्वारा शुक्रवार को औरंगाबाद निवासी उपेंद्र कुमार सिंह का मोबाइल अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ली गई ।भुक्तभोगी ने इस संबंध में बताया कि वह हाजिरी फॉर्म काउंटर से खरीद रहे थे । इसी बीच अज्ञात पॉकेट मार ने उनका स्मार्ट मोबाइल फोन जो रियल मी कंपनी का था, चोरी कर लिया । विदित हो कि हाजिरी फॉर्म काउंटर के पास बराबर इस तरह की घटना अज्ञात चोर के द्वारा की जा रही है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि कुछ मनचले चोर 10:30 से 12:00 बजे के बीच हाजरी फॉर्म बिक्री काउंटर के आसपास फॉर्म लेने के बहाने मंडराते रहते हैं। व किसी का मोबाइल तो किसी का पैसा पैकेट मार लेते हैं । इस संबंध में लोगों का कहना है कि हाजिरी फॉर्म काउंटर बिक्री के पास 10:30 से 12:00 बजे तक पुलिस बल की व्यवस्था की जाए ,ताकि लोगों को ऐसी घटनाओं से बचाया जा सके।

### नीलांबर –पीतांबर विश्वविद्यालय का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण – वाईजेकेएसएफ

**मेदिनीनगर।** दीक्षांत समारोह में हो रही भारी गड़बड़ी को लेकर शुक्रवार को वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के साथ आपसू ,आजसू ,एआईएसएफ ने सामूहिक तरीके से विश्वविद्यालय में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने पहले भी विश्वविद्यालय प्रशासन पर कई आरोप लगाये है और विश्वविद्यालय के आगामी कार्यक्रम में दीक्षांत समारोह मे हो रही भारी गड़बड़ी का विरोध जताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। प्रतिनिधि मंडल ने यह भी मांग की थी कि स्नातक विद्यार्थियों को विषयवार गोल्ड मेडल दिया जाए , तथा सभी विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में उपस्थित कराया जाए। दीक्षांत समारोह में आवंटित राशि के खर्च को सार्वजनिक किया जाए। साथ ही साथ शिक्षकों एवं कर्मचारियों के विवाद को जल्द से जल्द सुलझाया जाए । क्योंकि विश्वविद्यालय के कर्मचारी और शिक्षकों के बीच विवाद में प्रत्येक दिन छात्र परेशान हो रहे हैं। वाइजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर विश्वविद्यालय उचित निर्णय नहीं लेती है तो सभी छात्र संगठन एकजुट होकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह, जिला सचिव विकास यादव, के साथ-साथ अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### परशुराम युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष बने विकास दुबे

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी की बैठक गुरूवार को संपन्न हुई। जिसमें पूर्वडीहा निवासी विकास दूबे को सर्वसम्मति से पलामू जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया । वहीं पलामू जिला प्रभारी के रुप में मनीष तिवारी रिंकू व नगरनिगम अध्यक्ष के रुप में सीपी शुक्ला को निर्वाचित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा व संचालन प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज ने किया। बैठक में कहा गया की इस वर्ष से सभी पदाधिकारीयों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। बैठक में लिए गए निर्णयानुसार एक प्रदेश स्तरीय कोर कमेटी बनाई गई जो प्रदेश व जिला के नीति निर्धारण को मार्गदर्शित करेगी। नवनिर्वाचित प्रदेश कमेटी मे संतोष तिवारी पिंकू को प्रदेश अनुशासन कमेटी अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। प्रदेश कार्यालय प्रभारी के रुप में ज्ञानेश तिवारी व कार्यालय पुजारी के रुप में रेड़मा ठाकुरबाडी.मंदिर के मुख्य पुजारी प्रदीप पाठक को निर्वाचित किया गया। प्रमंडलीय प्रभारी के रुप में पंडित चंदन तिवारी व प्रमंडलीय अध्यक्ष के रुप में अमित तिवारी,रांची जिला प्रभारी के रुप में गुडडू तिवारी व अध्यक्ष के रुप में दिव्य प्रकाश तिवारी,गढ़वा प्रभारी के रुप में फोटू दूबे व शिशु दूबे,चतरा जिला अध्यक्ष के रुप में राजेश पांडेय को निर्वाचित किया गया। मौके पर प्रदेश संरक्षक घनश्याम तिवारी,जिला संरक्षक अजय शुक्ला,गढ़वा जिला कार्यवाहक अध्यक्ष छोटू मिश्रा,बीएम पांडेय,रमेश शुक्ला,ब्रजेश शुक्ला,अजय तिवारी ओरनार,रवि ओझा,दिलीप त्रिपाठी,कमल त्रिपाठी,देवान शुक्ला, सकेत शुक्ला,देवान शुक्ला, कमल त्रिपाठी,साकेत पांडे,सुभाष चंद्र शुक्ला,अंगद कुमार दुबे, भरत दूबे,सुधाकर दूबे,जितेंद्र दूबे,नितेश तिवारी,चिंटू दिव्य,वैभव शुक्ला, रोहित पांडे,प्रिंस कुमार दुबे,सुभाष कुमार दुबे,आशीष प्रकाश दुबे, विकास शुक्ला,सुधांशु दुबे,दीपक कुमार तिवारी,प्रिंस चौबे व बंटी दूबे सहित काफी संख्या में सेना सदस्य उपस्थित थे।

### आयोग ने जारी किया जेई परीक्षा की तिथि

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा विज्ञापन संख्या -06/2021 एवं 02 / 2022 के तहत झारखण्ड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि जारी कर दी गई है। गुरुवार को आयोग के द्वारा जारी सूचना में जेई की परीक्षा 2021 का पुर्नआयोजन सीबीटी मोड में 23 अक्टूबर से 07 नवंबर के मध्य विभिन्न तिथियों को रांची, जमशेदपुर, धनबाद एवं हजारीबाग जिला में अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र डाउनलोड करने संबंधी सूचना यथाशीघ्र प्रकाशित की जायेगी । गौरतलब है कि पूर्व में भी आयोग के द्वारा जेई की परीक्षा का आयोजन तीन शहरों में किया गया था । लेकिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाया। जिसे बाद में प्रशासन के द्वारा सही भी बताया गया। इसके बाद आयोग के द्वारा परीक्षा को रद्द कर दिया गया था।

### कोर्ट फीस टिकट की कालाबाजारी से मुव्वकिलों में आक्रोश

**मेदिनीनगर।** कोर्ट फीस टिकट की कालाबाजारी से मुव्वकिल में आक्रोश व्याप्त है। कचहरी परिसर में स्टाम्प भेंडर द्वारा पांच रुपये की टिकट को छह से सात रुपये में बिक्री की जा रही है। वही 10रुपये 15 रुपये में व 20 रुपये का टिकट 25 रुपये में खुलेआम बिक्री की जा रही है। वही प्रशासन इस मामले में मौन साधे हुए हैं । विदित हो कि स्टांप टिकट की जरूरी कोर्ट फी में नकल निकालने के अलावे अन्य कार्यों में किया जाता है । इन टिकटों की बिक्री बड़े पैमाने पर प्रतिदिन होती है। परंतु स्टाम्प भेंडर की मनमानी के कारण मुव्वकिलों को आर्थिक दोहन का शिकार होना पड़ रहा है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि ऑनलाइन स्टैंप पेपर भी 50 की जगह 100 में बेचे जा रहे है। स्टाम्प भेंडर की कालाबाजारी बदस्तूर जारी है । लोगो ने जिला प्रशासन से स्टाम्प भेंडर की मनमानी रवैया पर रोक लगाने की मांग की है । ताकि लोगो को उचित मूल्य पर कोर्ट फी टिकट स्टाम्प उपलब्ध हो सके।

### समाजसेवी ने मदरसा को सहयोग राशि दी

**मेदिनीनगर।** तरहसी प्रखंड के पंचायत अरका ग्राम सीकनी के मदरसा ग्राउंड में बारिश की वजह से मदरसा के बच्चों को पढ़ाई करने एवं मुस्लिम समाज के लोगों को नमाज पढ़ने में दिक्कत हो रहा थी। इसे लेकर सिकनी के समाजसेवी नौशाद खान ने वहां के मुस्लिम भाइयों से बात कर पांकी विधानसभा के समाजसेवी रामदास साहू से इस संबंध में बात की। समाजसेवी रामदास साहू ने उनकी समस्याओं को जानने के बाद मदरसा के प्रांगण में डस्ट डलवा कर एवं चहार दीवारी का प्लास्टर अपनी सहयोग राशि से कराने का काम किया।

# माँ दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं, बढ़ेगी सुख-समृद्धि

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** इस वर्ष शारदीय नवरात्र का प्रारंभ 26 सितंबर और समापन 5 अक्टूबर 2022 को होगा । महानवमी 4 अक्टूबर को मनाया जायेगा। इस बार की नवरात्र पूरे नौ दिनों की है। इस वर्ष शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आयेंगी। मान्यता के अनुसार, मां दुर्गा जब हाथी पर सवार होकर आती हैं, तो अपने साथ खुशियां और सुख-समृद्धि लेकर आती हैं। मां इस बार हाथी पर ही सवार होकर प्रस्थान भी करेंगी। जब मां दुर्गा हाथी पर प्रस्थान करती हैं, तो देश में अधिक वर्षा होने की संभावना रहती है। पुरोहितों के अनुसार इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं। 26 सितंबर को प्रतिपदा तिथि है और इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। जो मनोकामनाओं और कार्यों की सिद्धि करने वाला माना जाता है। इस योग में किये गये कार्य सफल सिद्ध होते हैं। नवरात्र के दौरान महापंचमी और महासप्तमी को भी सर्वार्थ सिद्धि योग है। चतुर्थी, महाषष्ठी और महाअष्टमी को रवि योग है। जो सफलता प्रदान करने वाला माना जाता है।

**किस दिन किस देवी की होगी पूजनः** नवरात्रि के पहले दिन 26 सितंबर को मां शैलपुत्री की पूजा होगी। दूसरे दिन 27 सितंबर को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा, तीसरे दिन 28 सितंबर को मां चंद्रघंटा की पूजा, चौथे दिन 29 सितंबर को मां कुष्मांडा की पूजा, पांचवें दिन 30 सितंबर को मां स्कंदमाता की पूजा, छठे दिन 1 अक्टूबर को मां कात्यायनी की पूजा, सातवें दिन 2 अक्टूबर को मां कालरात्रि की पूजा, आठवें दिन 3 अक्टूबर को मां महागौरी की पूजा, नौवें दिन 4 अक्टूबर को मां सिद्धिदात्री की पूजा होगी। नवमी तिथि में ही हवन आदि कार्य किया जायेगा।

## पलामू ब्लड बैंक ब्लड की कमी से लगातार जूझ रहा है :धीरज

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** समाजसेवी धीरज मिश्रा ने कहा कि खून की कमी से लगातार पलामू ब्लड बैंक जूझ रहा है। खासकर रेयर ग्रुप का ब्लड ग्रुप ओ निगेटिव , बी निगेटिव , एबी निगेटिव ब्लड ग्रुप का ब्लड बैंक में उपलब्ध नही हो पाने के कारण रक्त के जरूरतमंद मरीजों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता है। अक्सर देखा जाता है कि ब्लड की कमी से जूझ रहे लोगों को पलामू एसपी चंदन सिन्हा और पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा द्वारा अपने सहयोगियों के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर राहत दिलाया जाता है। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाले पेशे से सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा पिछले आठ वर्षों से रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर रक्त के जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजनों द्वारा स्वयं अपना रक्त न देकर अन्य लोगों से रक्त लेने की आदत हो गई है। रक्त के जरूरत मंद मरीजों के परिजनों को भी आगे आकर अपना रक्तदान का कार्य किया जाना चाहिए। इसके अलावा ब्लड बैंक में ब्लड उपलब्ध रहे, इसके लिए सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक व्यवसायिक संगठनों को आगे आकर रक्तदान शिविर आयोजित कर ब्लड बैंक में रक्त उपलब्ध कराने का कार्य किए जाने की जरूरत है।

## समृद्धि की पाठशाला शिक्षा व प्रतिभा के विकास के लिए प्रतिबद्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में निःशुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के दो केंद्र कचरवा और जनकपुरी शाखा में बच्चों के नैसर्गिक प्रतिभा के लिए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित मिशन समृद्धि संस्था कटिबद्ध है। यहां के नागरिकों का सहयोग प्रशंसनीय है जिस कारण संसाधन का अभाव होते हुए भी उनके सहयोग से बच्चों को खेल-कूद और पाठ्य सामग्री में सहायता मिल जाती है। इसके लिए संस्था नागरिकों का आभार व्यक्त करती है। कचरवा शाखा जाना बहुत ही कठिन है फिर भी समृद्धि टीम थकती नहीं। क्योंकि इन बच्चों को बुरे रास्ते पर जाने से रोकना जरूरी है। ताकि ये बच्चे आगे चलकर परिवार समाज के लिए एक अच्छा इंसान बन सके। जनकपुरी शाखा के बच्चे कचरवा टोला के माहौल से अलग है। इसलिए सात वर्षों के अंदर यहां के बच्चों पर किए गये परिश्रम का परिणाम अच्छा दिखता है। लेकिन कचरवा के बच्चों के लिए परिश्रम अधिक फिर भी परिणाम मन के अनुरूप नहीं हो पाता। मिशन समृद्धि संस्था समाज और देश को सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक देने के सपनों को पूरा करने में लगी है। पाठशाला में बच्चों को नैतिकता के साथ -साथ कला के प्रति भी जागरूक किया जाता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए उन्हें योग और व्यायाम को भी बताया जाता है। मौके पर बैजन्ती गुप्ता,अहिल्या गिरि वन्दना श्रीवास्तव ,रंजीता देवी ,वीणा गुप्ता ,श्रृषि कुमार सरिता कुमारी, का योगदान सराहनीय और प्रशंसनीय है।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

### ऑन स्पॉट दिव्यांग पेंशन व राशन स्वीकृत

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के जनता दरबार में एक गरीब व्यक्ति पहुंचा । उनसे शिकायत किया कि साहेब हमार नाम इंद्रदेव पासवान बा जब देश आजाद होईल रहे तब हमार जनम भइल रहे। केतना उम्र होईल ई हमरा नइखे पता। हुजूर हमार तीन बेटे बाड़े लेकिन कोई हमरा बास नहीं देवेला, सरकार से जे राशन मिले ला उहे भरोसे हमनी दुनों बुढ़ा-बूढ़ी जीअत खाईत ही । लेकिन तीन महीने से हमार डीलर हमरा राशन नइखे देले, जेकर चलते हम आज इहां आइल ही। साहेब अब रवऊए से उम्मीद बा हमनी दुनों के अगर राशन ना मिली तो हमनी खइला बिना मर जाईब। ये बाते सदर प्रखंड के पोखराहा से आये 76 वर्षीय इंद्रदेव पासवान ने कही। वे आज उपायुक्त के जनता दरबार में राशन नहीं दिये जाने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने वृद्ध की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को राशन उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया । जिसके पश्चात डीएसओ ने संबंधित डीलर को फोन कर उक्त लाभुक के लिये राशन लेकर समाहरणालय पहुंचने की बात कही। जिसके बाद लाभुक को समाहरणालय परिसर में ही राशन उपलब्ध करा दिया गया । वहीं उपायुक्त के निर्देशानुसार डीलर के ही वाहन से उक्त लाभुक को घर पहुंचाया गया।आज के जनता दरबार में पाण्डु से 5 दिव्यांग अपना पेंशन की स्वीकृत नहीं किये जाने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। जिसके बाद उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष को सभी का पेंशन स्वीकृत करने हेतु निर्देशित किया। जिसके बाद सभी का पेंशन स्वीकृत कर दिया गया। उपरोक्त के अलावे आज के जनता दरबार में जमीन विवाद,मुआवजा राशि,पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार,स्वास्थ्य अनुदान,नियोजन से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द मामले को निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## डीडीसी ने चैनपुर कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने शक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय प्लस टू उत्क्रमित बालिका उच्च विद्यालय, चैनपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय की कुछ मामूली समस्याओं को शीघ्र निदान कराने का निर्देश दिया। उन्होंने छात्राओं के लिए खेल मैदान एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने निरीक्षण स्थल कस्तूरबा विद्यालय से ही चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष पर बात कर वीर शहीद पोटो खेल विकास योजना की स्वीकृति देते हुए विद्यालय परिसर में एक अच्छे खेल मैदान विकसित करने का निर्देश दिया। ताकि खेल के क्षेत्र में छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का कार्य हो सके। वहीं बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराने का निर्देश दिया। ताकि विद्यालय परिसर हरा भरा हो सके और पर्यावरण संतुलन भी बना रहे। उप विकास आयुक्त ने विद्यालय में संचालित हो रहे नवीं कक्षा में गई और वहां छात्राओं से भी मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। छात्राएं टेस्ट परीक्षा दे रही थीं। उन्होंने छात्रावास में रह रही छात्राओं से मिली और उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने छात्रावास की समस्याओं को भी दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। इसे पूरा होने से छात्राओं से संबंधित समस्याएं दूर होगी। उन्होंने छात्राओं एवं विद्यालय की कुछ छोटी समस्याओं को जिला स्तर से भी दूर कराने की बातें कही। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की वार्डन रानी कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे। गांधी आवासीय प्लस टू उत्क्रमित बालिका उच्च विद्यालय, चैनपुर का चयन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए किया गया है। इसके तहत यहां शैक्षणिक संसाधन के साथ-साथ छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल दिये जाने का प्रयास हो रहा है।

## झूठे मुकदमे वापस लेने के संबंध में उपायुक्त को सौंपा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बहुजन समाज पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष,संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गुरुवार को जांच टीम हरिहरगंज प्रखंड के अररूआ ग्राम में विवादित मठ प्रकरण का गहन पूर्वक जांच पड़ताल किया। जांच के क्रम में पाया गया कि तकरीबन आज से साठ वर्ष पूर्व,महादेव साहब अपने रैयती भूमि में से 90 डिसमिल जमीन बिहार बिहारणी प्रमोद मठ के नाम पर दान दे दिया था। जिस पर बरसों से मठ के रूप में स्वामित्व कायम है। अगल-बगल के विभिन्न गांव के ग्रामीणों द्वारा इस विषय को लेकर स्थानीय थाना को सूचना दिया गया । जिस पर थाना प्रभारी ने कोई एक्शन लेने के बात नहीं की। जिस पर मजबूर होकर ग्रामीणों ने हजारों की संख्या में भवन कार्य जो फर्जी क्रेता द्वारा करवाया जा रहा था उसको बंद करवा दिया । जब इस बात की जानकारी हरिहरगंज थाना को मिली तो पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर निर्दोष 26 ग्रामीणों पर नामजद एवं 200 ग्रामीणों पर अज्ञात लोगों पर फर्जी तरीके से प्राथमिक दर्ज किया गया। उन्होंने पलामू उपायुक्त से इस मठ प्रकरण मामले को तत्काल उच्च स्तरीय जांच करवा कर अररूआ के निर्दोष ग्रामीणों पर किया गया।

## स्कूल के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय स्वच्छता लीग के चौथे अभियान में मेदिनीनगर नगर निगम के द्वारा रोटरी स्कूल के विद्यार्थियों, शिक्षकों, रोटरी क्लब के सदस्यों और नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों ने मिलकर बेलवाटीका स्थित गांधी मैदान में सामूहिक रूप से विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर सफाई का कार्य किया । साथ ही लोगों के बीच यह संदेश देने का कार्य किया है की सफाई करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है । इस कार्य को प्रत्येक दिन अपने घर से शुरू करते हुए। अपने आसपास एवं शहर तक किया जाना चाहिए । इस अभियान में समिता भगत नगर प्रबंधक, प्रदीप कुमार नगर प्रबंधक, सतीश कुमार नगर प्रबंधक मिशन, दिलीप कुमार नगर प्रबंधक, उपेंद्र कुमार नगर प्रबंधक, अभिषेक कुमार नगर प्रबंधक मिशन, रोटरी स्कूल की प्रिंसिपल, रोटरी क्लब के सेक्रेटरी, एवम सदस्यगण , नेहरू युवा केंद्र के सदस्यगण मौजूद थे।

## अभाविप ने एनपीयू के कुलपति सहित अधिकारियों का किया घेराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा पलामू जिला संयोजक अभय वर्मा के नेतृत्व में एनपीयू के कुलपति एवं समस्त अधिकारियों का घेराव किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि दीक्षांत समारोह में हो रही भारी अनियमितता को ध्यान में रखते हुए 14 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में 69 लाख रुपए की राशि खर्च की जानी है । मदवार इसका लेखा जोखा सार्वजनिक किया जाए ,ताकी कार्यक्रम की पारदर्शिता बनी रहे। आगामी 14 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह के आयोजन मे सामान्य छात्रों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। वर्तमान समय में विश्वविद्यालय में चल रहे शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों की आपसी मनमुटाव की वजह से सामान्य छात्रों की परेशानी और भी बढ़ती जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन अभिलंब संज्ञान लें एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए इसे अविलंब ठीक करें। स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्रों का रिजल्ट शीघ्र अति शीघ्र प्रकाशित किया जाए, ताकि अंतिम वर्ष के छात्र आसानी से एवं ससमय प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले सकें। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी कार्यप्रणाली में आवश्यक रूप से सुधार करें एवं दीक्षांत समारोह में हो रही भारी अनियमितता को ध्यान में रखते हुए छात्रों के पैसे का दुरुपयोग ना हो यह सुनिश्चित करें। मौके पर उपस्थित नगर मंत्री रामाशंकर पासवान ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता साथ ही दीक्षांत समारोह में हो रही भारी अनियमितता छात्रों के पैसे का दोहन है।

## रोगियों के लिए नाकाम साबित हो रहा है प्रमंडलीय सदर अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय सदर अस्पताल की पहचान अब रेफरल अस्पताल के रूप में जा रही है। अभी दो दिन पहले की बात है कि सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति सदर अस्पताल पहुंचा । प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स पहुंचने के पहले ही उसकी मौत हो गयी। यदि घायल व्यक्ति का यही पर इलाज व ऑपरेशन किया जाता तो हो सकता था उसकी जान बच जाती। क्योंकि पलामू प्रमंडलीय सदर अस्पताल के चिकित्सक मामूली ऑपरेशन से भी कतराते हैं और वाले रोगी को रांची या बनारस रेफर कर देते हैं।अस्पताल के रिकॉर्ड के मुताबिक महीने में औसतन सौ या उससे भी अधिक मरीजों को गंभीर बता कर यहां से इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में कई बार दूर का सफर गंभीर रोगियों के लिए जानलेवा साबित होता है और रास्ते में ही उनकी सांसे थम जाती हैं। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉक्टर जॉन एफ कनेडी से संपर्क किया गया , लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।अस्पताल आने वाले गंभीर रोगियों को रिम्स रेफर कर अपना पल्ला झाड़ना यहां का नियम बन चुका है। चिकित्सक सरकार के दबाव में या फिर बंध्याकरण ऑपरेशन के बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के लालच में केवल बंध्याकरण ऑपरेशन ही करते हैं । अगर अचानक मरीज की स्थिति बिगड़ गई तो उसकी जान बचाने के लिए इंटेंसिव केयर यूनिट होनी चाहिए। बगैर इसके मरीजों का ऑपरेशन करना खतरे से खाली नहीं है। यही वजह है कि वे लोग मरीजों को रेफर करना ज्यादा बेहतर समझते हैं।

**सदर अस्पताल में नहीं किया जाता किसी भी बीमारी का ऑपरेशन :** मेदिनीनगर के लोगों का कहना है कि अस्पताल में ड्यूटी करने वाले सभी चिकित्सक अपने अपने क्लीनिक खोल रखे है और वे अवैध पैसे की उगाही का काम कर रहे है। सभी चिकित्सक अपना एक दलाल सदर अस्पताल में छोड़ रखे हैं । ताकि कोई भी मरीज ऑपरेशन या अन्य बीमारी से परेशान होकर सदर अस्पताल में पहुंचे तो उसे अपना निजी क्लीनिक में बुलाकर उसका इलाज करते है, ताकि मोटी रकम की कमाई हो। लोगों का कहना है कि प्रमंडलीय सदर अस्पताल में गरीब तबके के लोग ही इलाज कराने के लिए आते हैं और उन्हें दलाल बहला-फुसलाकर इलाज के लिए प्राइवेट क्लीनिक में ले जाते हैं। प्राइवेट क्लीनिक में इलाज कराने के बाद मरीज के परिजनों को खाने के लाले भी पड़ जाते हैं। गुरुवार की शाम अश्विनी तिवारी नामक व्यक्ति घर के विवाद में फांसी लगा ली। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई ,परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान अस्पताल में मेडिकल स्टूडेंट बैठे हुए थे । उन्होंने अश्विनी तिवारी का इलाज किया और उसे रांची रेफर कर दिया। यदि यहां जानकार और अनुभवी डॉक्टर होते तो उसका इलाज सदर अस्पताल में ही संभव था। रांची जाने की कोई जरूरत नहीं पड़ती।

## प्रतिभा निखारने के लिए शिक्षक अभिभावक संवाद जरूरीः अविनाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बच्चों के बेहतरी के लिए संत मरियम स्कूल में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सुविधा के ख़्याल से दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय अग्रसेन भवन में हुआ। पहला दिन प्रथम सत्र में नवम दशम वर्ग एवं द्वितीय सत्र में ग्यारहवीं बारहवीं के अभिभावकों से शिक्षकों का संवाद हुआ। संगोष्ठी का विषय था-विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका। आज पांचवें से आठवें वर्ग के बच्चों के अभिभावक संगोष्ठी में भाग लिए। विद्यालय के चेयरमैन होने के नाते बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया और माँ सरस्वती के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर संवाद को संचालित किया। अभिभावकों के हर जटिल से जटिल सवालों का जवाब संत मरियम विद्यालय के विद्वान शिक्षकों ने बड़े ही सरल व सुलझे शब्दों में दिया। विद्वता के साथ नैतिक मूल्यों के बल पर मातृ एवं मातृभमि के लिए अपने सर्वस्व न्योछावर करने को तत्पर रहेंगे। सभी क्षेत्रों में उनकी दखल दबदबा का झंडा सदा ऊँचा व बुलन्द रहेगा। नालन्दा तक्षशिला विक्रमशिला के श्रेणी में संत मरियम को शुमार करना है। जहां अभिभावकों को पढ़ाना, विद्यार्थियों को पढ़ना पहली पसंद होगी। शिक्षा के संयुक्त लहर पर दीक्षा के नौका चलेगा । जहां संस्कार से संसार को जीतेंगे और अभिभावक कहेंगे युग युग जिओ मेरे लाल! विश्व के विकसित सिटी में मेरा विद्यार्थी भारत का परचम लहराएगा। बसरते आप बच्चों के हर हरकत पर पैनी नजर व आगे बढ़ने का हिम्मत दें। सब खर्च से कटौति कर शिक्षा पर निवेश करें। एक दिन आपका बेटा समाज का सरताज बनेगा और घर को गुलजार करेगा।

# न्यूज गैलरी

## जेएसएलपीएस के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवाओं को मिल सकता है रोजगार : बीडीओ



**बरवाडीह।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को जेएसएलपीएस के माध्यम से एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कई युवाओं का प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य सन्तोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के बीपीएम अभय कुमार ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए युवाओं को सरकार द्वारा दी जा रहे हैं प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील किया। उन्होंने कहा की प्रशिक्षण से ही युवाओं में कौशल प्राप्त होगा। जिससे वह कहीं भी अपना रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। एक दिवसीय कैंप के माध्यम से जहां प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए 3 दर्जन से अधिक युवाओं को विभिन्न ट्रेड के माध्यम से प्रशिक्षण देने के लिए चयन किया गया। इस दौरान दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के जिला समन्वयक प्रकाश पांडे, अनु टोप्पो के साथ-साथ जेएसएलपीएस के राजकुमार यादव, यदु राम समेत काफी संख्या में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**महुआडांड़।** थाना पुलिस के द्वारा दीपा टोली निवासी जगदीश नागेशिया प्रत्यायन नगेसिया उम्र करीब 21 वर्ष को महुआडांड़ थाना पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया कि जगदीश नागेशिया के द्वारा 20 तारीख को इसके द्वारा महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम दीपाटोली निवासी सगीर अंसारी का मोटरसाइकिल जे.एच 193 4085 को रात्रि लगभग 1:00 बजे घर के बाहर रखा मोटरसाइकिल को चोरी कर फरार हो गया था। जिसे महुआडांड़ थाना पुलिस के द्वारा कुरुंद घाटी में मोटरसाइकिल सहित इसे गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना में मोटरसाइकिल को रखा गया है। इसके द्वारा पहले भी मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इससे पूर्व में मनोज दोहरा का मोटरसाइकिल व सोनिया कुजूर की स्कूटी की चोरी की गई थी। जिसे लेकर पहले भी यह जेल जा चुका है। गिरफ्तार जगदीश नगेशिया को लातेहार जेल भेज दिया गया है।

## मुखिया ने किया विद्यालय का निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड के कदगावांकला मुखिया अशोक कुमार भुईयां मध्य विद्यालय दिग्ही का शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीआरपी विजय सिंह एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। मुखिया ने विद्यालय के बच्चों से विषयवार पढाई की जानकारी ली और कई टिप्स पढाई को लेकर छात्रों को दिया। वहीं सीआरपी ने कमजोर बच्चों को ज्ञान सेतु पाठयक्रम के तहत समुह बनाकर पढाई करवाने का निर्देश शिक्षकों को दिया। वहीं मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा लाखो रुपया खर्च करने के बावजूद शिक्षा में सुधार नहीं हो रहा है। शिक्षा में सुधार लाना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायतों पर विद्यालय का निरीक्षण किया जा रहा है। कहा कि सीआरपी के उपस्थिति में निरीक्षण कर रहा हूं, इसकी रिपोर्ट जिले के वरीय पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

## आजसू गिद्धौर प्रखंड महिला कमिटी का किया गया विस्तार




**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में आजसू की बैठक प्रखंड स्तरीय महिला कमिटी के विस्तार को लेकर हुई। जिसमें जिला प्रवक्ता सह गिद्धौर प्रखंड प्रभारी शिवलाल दांगी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बहादुर दांगी व संचालन कार्यकारी अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय ने किया। बैठक में प्रखंड स्तरीय महिला कमिटी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मती से गीता देवी को प्रखंड अध्यक्ष, गुड़िया देवी व पूर्णिमा देवी को उपाध्यक्ष, काजल देवी को सचिव, पुष्पा देवी को कोषाध्यक्ष, नीलम देवी को मीडिया प्रभारी मनोनयन किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष विनोद ठाकुर, ज्ञानी दांगी, कामदेव दांगी सहित अन्य शामिल थे।

## दुबी गांव में भूमि-विवाद में दो भाईयों में मारपीट, एक गंभीर

**मयूरहंड(चतरा)।** शुक्रवार को मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत दुबी गांव में बाबूलाल चंद्रवंशी और रतनदेव चंद्रवंशी पिता भिखारी राम दोनो भाई के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें रतनदेव के सीने की हड्डी टूट गई है और हाथ पैर में गंभीर चोटें आई है। घटना की जानकारी मयूरहंड थाने को मिलते ही थाना प्रभारी रामवृक्ष राम घटना-स्थल पर पहुंचकर बाबूलाल और उसके पुत्र सियाराम चंद्रवंशी को हिरासत में ले लिया और गंभीर रूप से घायल रतनदेव को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी भेज दिया गया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों भाइयों में कई वर्षों से जमीनी विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार को उसी मामले में दोनों भाइयों के बीच कहा-सुनी होते-होते मारपीट हो गई। रतनदेव ने पुलिस के समक्ष फर्द-बयान दिया है कि बड़े भाई बाबूलाल, सियाराम चंद्रवंशी पिता बाबूलाल चंद्रवंशी, चमेली देवी, पूजा देवी पति सियाराम चंद्रवंशी और प्रियंका देवी पति राजा चंद्रवंशी एक साथ मेरे घर में घुसकर लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आई मेरी पत्नी सरोज देवी के साथ भी सभी ने मारपीट की। पुलिस मामले की तफ्शीस कर रही है।

### उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# सिंगल यूज प्लास्टिक का ना करें उपयोग : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पर्यटन, कला संस्कृति , खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज समाहरणालय सभागार से उपायुक्त भोर सिंह यादव, आईटीडीए निर्देशक विंदेश्वरी ततमा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप , जिला खेल सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि ना सिर्फ पर्यटन स्थल बल्कि किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर सिंगल यूज पॉलिथिन/प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें तथा इसके स्थान पर कपड़े एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल वस्तुओं का उपयोग करें। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के



सभी प्रखंडों में जाकर आमलोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। आगे उन्होंने कहा कि पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर इस स्वच्छता जागरूकता अभियान का हिस्सा सभी जिलेवासी बनें। जितने भी पर्यटन स्थल जिले में हैं, वह जिले का धरोहर है। इसे साफ-सुथरा और पॉलिथिन मुक्त रखना हम सभी का दायित्व एवं कर्तव्य दोनो है।

इस दौरान जिला खेल सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि जिले के पर्यटन स्थलों पर 30 सितंबर तक पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान पर्यटन स्थलों एवं उसके आसपास के विद्यालयों में कार्यक्रम चलाये जाएंगे। इस दौरान पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों व स्थानीय लोगों के बीच में नो सिंगल यूज प्लास्टिक तथा प्लास्टिक कप के स्थान पर कुल्हड़ एवं पत्ता प्लेट का उपयोग करने के लिए उन्हें जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़े के तहत जिला प्रशासन द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में खिलाड़ियों एवं अन्य सभी के सहयोग से स्वच्छता मुहीम चलायी जा रही है।

## कैंसर पीड़ित व्यक्ति को इलाज के लिए मिली राशि

**लातेहार।** विधायक बैद्यनाथ राम के प्रयास से लातेहार सदर प्रखंड के मुरुप गांव निवासी कैंसर पीड़ित अजय प्रसाद को मुख्यमंत्री कोष से इलाज के लिए राशि उपलब्ध करायी गयी है। विधायक ने अजय प्रसाद को कैंसर होने की जानकारी होने पर उनके इलाज के लिए मुख्यमंत्री कोष से पीड़ित को आर्थिक मदद के लिए पत्र लिखा था। जिसके बाद मुख्यमंत्री के द्वारा 75 हजार रुपए की राशि उपलब्ध करायी गयी। विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कैंसर पीड़ित अजय प्रसाद की पत्नी पूजा देवी को चेक सौंपा है। विधायक द्वारा मदद किये जाने के बाद पीड़ित के परिजनों ने उनकी सराहना करते हुए आभार प्रकट किया है। इसके पूर्व 23 अगस्त को जिला से 5 लाख रुपया चिकित्सीय सहायता विधायक के प्रयास से कराया गया था। इस प्रकार विधायक बैजनाथ राम के द्वारा कुल 575000 का सहयोग कराया गया है। विधायक बैद्यनाथ राम ने बताया कि पीड़ित का इलाज किसी निजी अस्पताल में चल रहा है। मदद धनराशि सम्बंधित परिवार को उपलब्ध करा दी गई है।

# सेवई में बीडीओ व थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** शुक्रवार को मयूरहंड थाना क्षेत्र के सेवई देवी मंदिर प्रांगण में बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने संयुक्त रुप से ग्रामीणो के साथ बैठक किया। बैठक में सेवई के अलावा कदगावां खुर्द के ग्रामीण उपस्थित थे। दो दिन पूर्व कदगावांकला खुर्द में धर्म परिवर्तन के संदेह में बिहार के दो युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा पुछताछ किये जाने के बाद धर्म परिवर्तन का मामला उजागर नहीं होने के मामले की चर्चा करते हुए बीडीओ ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति पर नजर पडते तो जानकारी प्रशासन को दें, ना कि कानुन अपने हांथ में ना लें। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन आपके साथ चौबीस घंटे है, अफवाहों पर ध्यान न दें। ग्रामीणों से कहा इन दिनों



सोशल मीडिया पर भ्रामक अफवाह तेजी से फैलाई जा रही है, जो अपराध की श्रेणी में आता है। सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट से शांति भंग न हो ऐसे प्रयास हो। आपराधिक एवं शांति भंग करने संबंधी गतिविधियों की सूचना पुलिस और प्रशासन को दें। मौके पर मुखिया अशोक कुमार, अवर निरीक्षक श्रीराम पंडित, वार्ड सदस्य सुभाष कुमार सिंह, सुभाष रविदास, रामजीवन रामदास के अलावा दर्जनो ग्रामीण उपस्थित थे।

# शांत वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौर थाना परिसर में दुर्गा पूजा शांति पूर्ण माहोल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अनिता यादव व संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार तथा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने किया। बैठक में बीडीओ संजीत कुमार सिंह, सीओ जयशंकर पाठक, भाजपा महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से दुर्गा पूजा शांति पूर्ण मनाने की अपील करते हुए बताया गया कि पूजा शांति पूर्ण संपन कराने को लेकर थाना में कंट्राल रूम बनाया जा रहा है। सभी पूजा अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि सभी कंट्रोल रूम के सम्पर्क में रहेगें। वहीं कहा गया कि पूजा में व्यवधान पैदा करने वाले व हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रखेगी। साथ ही पूजा में अश्लील गाने नहीं बजाने व सख्त



पाबंदी लगाए जाने की बात कही गई। इसके अलावे मूर्ति विसर्जन तैराक से करने की बात कही। बैठक में समाजसेवी बालेश्वर यादव, पंस सदस्य सरिता देवी, लालो साहू, मुखिया निर्मला देवी, डेगन गंझू, मुकेश साव, बसंत सिंह, शशि कुमार गुप्ता, गिद्धौर पूजा समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार, पिण्डारकोंन के समिति अध्यक्ष अजय सिंह, अवर निरीक्षक विजय गुप्ता, मुस्तकीम अंसारी, बबलू साव, लखन दांगी, जवाहर लाल अग्रवाल, उपेंद्र दांगी, सहित दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने की सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षा, दिये दिशा-निर्देश

# डाकिया योजना के तहत अनाज वितरण करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तहत संचालित केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने केन्द्र प्रायोजित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार हित लाभ योजना एवं राज्य प्रायोजित योजना अन्तर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, एच.आई.वी/एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वालम्बन



प्रोत्साहन योजना कि बारी-बारी से पीपीटी के माध्यम से समीक्षा करते हुए योग्य लाभुकों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। लंबित पेंशन भुगतान को लेकर उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि लंबित पेंशन राशि का शीघ्र भुगतान करें। साथ ही बिरहोर परिवारों को योजनाओं से लाभान्ति करने हेतु शत प्रतिशत खाता खुलवाने का निर्देश दिया गया। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि जिले में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से योग्य लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित किया जा रहा है। जिला में कुल 107232 लोगों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। माह अगस्त तक का भुगतान सभी लाभुकों को कर दिया गया है। साथ ही बताया गया कि आदिम जनजाति पेंशन योजना से 255 आदिम जनजाति परिवारर को नए से जोड़ा गया है। वर्तमान में कुल 1388 परिवारों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। एचआईवी संक्रमण की रोकथाम हेतु उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि प्रखंड स्तर पर एचआईवी संक्रमण का प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाय, जिससे संक्रमण पर नियंत्रण पाया जा सके। पीडीएस राशन वितरण के संबंध में उपायुक्त ने बीडीओ को निर्देशित किया कि राशन का वितरण ससमय किया जाय एवं डाकिया योजना के तहत बिरहोर टोला में अनाज का वितरण करें। कल्याण पदाधिकारी को नर्देशित किया गया कि कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना से योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत लाभान्वित किया जाय। सभी योग्य छात्र-छात्राओं का शत प्रतिशत खाता खुलवाते हुए छात्रवृति का लाभ दिये जाने की बात कही। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमनी देवी, सहायक निदेशक ललन रजक, संबंधित बीडीओ समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# लाटू जंगल में मिला हाथी दांत, तस्कर फरार



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पलामू टाइगर रिजर्व के लाटू जंगल से वन विभाग के कर्मियों ने हाथी के दांत को बरामद किया है. इसकी लंबाई करीब एक फीट और उसका वजन करीब 300 ग्राम है. वन विभाग ने बरामद हाथी दांत को काफी पुराना बताया है. जंगल में मिले हाथी दांत की जांच पड़ताल शुरू हो गयी है.

पलामू टाइगर रिजर्व के लाटू जंगल से वन विभाग ने हाथी के दांत को बरामद किया है। पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसांढ़ प्रक्षेत्र अंतर्गत लाटू जंगल से हाथी के दांत को बरामद किया गया है. गुप्त सूचना के आधार पर वनपाल परमजीत तिवारी के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा की गयी इस कार्रवाई में हाथी दांत लेकर आ रहा तस्कर दांत फेंककर जंगल में भागने में सफल हो गया। जब्त हाथी दांत की लंबाई करीब एक फीट है और उसका वजन करीब 300 ग्राम है।

### काफी पुराना है हाथी दांत

इसकी पुष्टि करते हुए ढळफ के साउथ डिवीजन के डिप्टी डायरेक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि हाथी का दांत काफी पुराना है। संभवत वर्ष 2018 में लैंडमाइन की घटना में मारे गये हाथी या अन्य दूसरे हाथी का दांत हो हालांकि, पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि 12 साल वाले हाथी का दांत है। इसको देखकर ऐसा लगता है कि किसी ग्रामीण द्वारा इसे अपने घर में रखा गया था और किसी तस्कर को बेचने के फिराक में उसे ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि हाल में किसी भी हाथी के मरने की सूचना नहीं है इसलिए यह निश्चित है कि हाथी दांत ताजा नहीं हैं।

### डूमरडीह जंगल में भी हाथी के दो दांत की हुई थी चोरी

दूसरी ओर हाथी दांत चोरी का मामला पिछले दिनों रामगढ़ जिला में भी आया था। मांडू प्रखंड अंतर्गत बसंतपुर पंचायत के डूमरडीह जंगल में हाथी की मौत हुई थी। वन विभाग के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही हाथी के दोनों दांत काटकर तस्कर ले भागे थे। डूमरडीह जंगल में हाथी का शव तो मिला, लेकिन दांत नहीं मिलने से वन विभाग समेत पुलिस अधिकारी हाथी दांत की जांच में जुट गये। इसका असर हुआ और कुछ दिन बाद सोखिया डैम के पास के जंगल में हाथी के दोनों दांत को बरामद किया गया।

# अनिल सिंह बने कांग्रेस के झारखंड डेलीगेट सदस्य

नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत लोरम निवासी अनिल सिंह को कांग्रेस पार्टी का झारखंड डेलीगेट सदस्य बनाए जाने पर स्थानिय कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। साथ हीं मनोनय के सूचना के बाद श्री सिंह का पार्टी कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं श्री सिंह ने अपने मनोनय पर पार्टी के प्रर्देश नेतृत्व के प्रति अभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत करना मेरा लक्ष्य होगा। पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा ने पुष्प व पौधा भेंट कर श्री सिंह का स्वागत किया। साथ ही कहा कि पर्यावरण एवं हरियाली का प्रतीक यह पुष्प पौधा किया, ताकि पुष्प की तरह क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को भी



आगे बढ़ाए। इस अवसर पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रामाधीन यादव, अमित सिंह, रुस्तम अंसारी, जगदीश यादव, कृष्णा साव, गोवर्धन सिन्हा, ईश्वर यादव, बद्री यादव, पवन शर्मा व नामधारी यादव आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## अवैध रूप से लकड़ी लदा टेंपू जब्त

**मनिका (लातेहार)।** वन विभाग के कर्मियों ने शुक्रवार को छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से साल प्रजाति की कीमती लकड़ी का चौखट लदे टेंपू वाहन को जब्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेंजर संजय कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि रांकिकला जंगल से अवैध रूप से साल प्रजाति की लकड़ी का तस्करी किया जा रहा है लगभग 20 चौखट टेंपू में लोड करके ले जाया जा रहा है। जिसके बाद फॉरेस्टर लल्लन उरांव ने वन विभाग के कर्मियों की एक टीम गठित किया। जिसमें वंरक्षी अमित कुमार,अनिल कुमार,सुमंत कुमार,कुणाल कुमार,मनोज सिंह,समेत इत्यादि को शामिल किया गया और रांकिकला जंगल में छापेमारी अभियान चलाया गया। और टैंपू को पकड़ लिया गया। वन विभाग के कर्मियों ने चौखट लोड टेंपू वाहन को जब्त कर के वन विभाग कार्यालय मनिका ले आए।

# सभी धर्मों के आस्था का प्रतीक 'नगर मंदिर' में 16 दिनों का दशहरा पूजा शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार /चंदवा।** झारखंड का प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर में 16 दिनों का दशहरा पर्व शुरू हो गया है । दशहरा पर्व को लेकर नगर मंदिर के पुजारियों के द्वारा पूरे विधि विधान से मां उग्रतारा का पूजन व स्तुति किया जा रहा है। यहां पर्व के दौरान झारखंड के अलावे दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु गन पहुंच कर माता की पूजा अर्चना करते हैं। यहां श्रद्धालुओं में मान्यता व पूर्ण विश्वास है कि अगर उनके द्वारा चढ़ाया गया फूल गिर जाए तो उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इस वर्ष नगर मंदिर में आयोजित दशहरा त्यौहार इस तरह से मनाई जा रही है । अश्विन कृष्ण पक्ष नवमी सोमवार से प्रथम कलश स्थापना के साथ माता की पूजा प्रारंभ हो गई है। अश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या दिनांक 25/09/22 को शाम में मां गौरा के आगमन के बाद गणेश, सूर्य, नवपत्रिका अपराजिता , भट्टा रिका भैरव एवं उग्रतारा कलश की स्थापना होगी ।

### हिन्दू-मुस्लिम-सिख-आदिवासी सभी रखते है मां नगर भगवती पे आस्था

अश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा सोमवार की दिनांक 26/09/ 22 को सुबह आरती के बाद मंडप स्थित कलश पूजन तत्पश्चात आम श्रद्धालुओं की पूजा । अश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी शनिवार दिनांक 1/10 /2022 को अपराहन 2:30 बजे विल्वा भिमंतरण लिए प्रस्थान एवं शाम को कलश पूजन। अश्विन शुक्ल सप्तमी दिनांक रविवार 2/10/ 22 को सुबह आरती के बाद गौरा विसर्जन तत्पश्चात देवी को लाने हेतु दामोदर गांव प्रस्थान अपराहन 3:00 बजे से देवी स्नान एवं शाम को गणेश ब्रह्मा का कलश स्थापना एवं कलश व देवी पूजन रात्रि



में पूजन के पश्चात आम यात्रियों के बकरों की बलि। अश्विन शुक्ल पक्ष अष्टमी सोमवार दिनांक 3/10/ 22 को सुबह आरती के बाद आम श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगी एवं अपराहन 3:59 बजे संधी पूजा एवं महेश बली रात्रि में महा अष्टमी पूजा पश्चात आम यात्रियों के बकरों की बलि ।अश्विन शुक्ल पक्ष नवमी दिनांक 4/10/ 22 मंगलवार को सुबह आरती के बाद श्रद्धालुओं की पूजा एवं दिन में 11:00 बजे महिष बली इस दिन श्रद्धालुओं के बकरों की बलि बंद रहेगी। आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी बुधवार दिनांक 5/ 10/ 22 को सुबह आरती के बाद भगवती का श्रृंगार एवं पान चढ़ेगा उस दौरान यात्रियों का पूजा बंद रहेगा पान गिरने के पश्चात दुर्गा पूजा विसर्जन नीलकंठ, दर्शन महिष बली उसके बाद यात्रियों का प्रसाद चढ़ेगा व यात्रियों के बकरों की बलि होगी।

# खेल मैदान का निर्माण होने से बच्चों को होगी काफी सुविधा: प्रमुख



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत शेरागड़ा पंचायत के हाही व जाला ग्राम के पास खेल मैदान का शिलान्यास जिला पार्षद सदस्य प्रियंका देवी, प्रमुख ममता देवी, उप प्रमुख कामेश्वर राम ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कर नारियल तोड़ सिलपट का अनावरण किया। मौके पर जिला पार्षद सदस्य ने कहा कि ग्राम में खेल मैदान होना बहुत ही जरूरी है। आसपास क्षेत्र के बच्चों को खेलने के लिए काफी सुविधा होगी। मौके पर प्रमुख और उप प्रमुख ने कहा कि युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक एवं खेल के कौशल को निखारने के लिए खेल मैदान का होना बहुत ही जरूरी होता है। इस सुदूरवर्ती गांव में खेल मैदान योजना दिया गया है ।यह बहुत ही जन उपयोगी है इससे यहां के लोगों को बहुत ही लाभ होगा। मौके पर जिला पार्षद सदस्य के अलावे मुख्य रूप से बालूमाथ प्रमुख ममता देवी, उप प्रमुख कामेश्वर राम, सेरेगाड़ा मुखिया नीलिमा देवी, पंचायत समिति सहेंद्र राम, रोजगार सेवक हीरालाल महतो, पूर्व मुखिया सुरेंद्र उरांव, शंकर भगत, निर्मल यादव कार्तिक उरांव उदय गंझु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

